# लाडो लक्ष्मी योजना के लिए शीघ्र लॉन्च होगा पोर्टल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने दी जानकारी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना तैयार की जा रही है और इसके लिए शीघ्र पोर्टल भी जारी किया जाएगा। योजना के तहत महिलाओं को 2100-2100 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री चंडीगढ़ में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसमें उन्होंने मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए अहम निर्णयों की जानकारी दी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार द्वारा गरीबों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि गरीब को मजबूत एवं सशक्त बनाया जाए, जबकि कांग्रेस सरकारें सिर्फ बड़े लोगों के लिए योजनाएं बनाती थी।

## अपराधियों से सख्ती से निपटा जाएगा

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के प्रति सरकार पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपराधियों से निपटने के लिए मौके पर उचित निर्णय लें। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष सिर्फ दुष्प्रचार करने में माहिर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों जैसे कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना की बात नहीं करते, केवल हरियाणा पर उंगली उठाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ दिखावे की राजनीति कर रही है।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम निर्णय

### जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के नए नियमों को मंजूरी

मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण नियम, 2025 को मंजूरी दी गई। ये नियम राज्य की पंजीकरण प्रणाली को नवीनतम राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने के लिए भारत के महापंजीयक से प्राप्त मॉडल के अनुसार तैयार किए गए हैं। नए नियम भारत के महापंजीयक द्वारा जारी केंद्रीय आदर्श जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण नियम, 2024 पर आधारित हैं। इसके अनुसार, मौजूदा हरियाणा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण नियम, 1972 के कई प्रावधानों में संशोधन किया गया है। इन नए नियमों को अपनाने से राज्य में जन्म और मृत्यु की पंजीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने, रिकॉर्ड रखने में सुधार करने तथा राष्ट्रीय नीतियों और डिजिटल ढांचे पर काम होगा। वहीं मंत्रिमंडल ने पंचकूला स्थित एग्रो-मॉल के अलॉटियों की शिकायतों के निवारण से संबंधित एक प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।अब अलॉटियों को निर्धारित समय पर कब्जा न मिलने की स्थिति में भुगतान की गई राशि पर 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से मुआवजा दिया जाएगा। इससे अलॉटियों को राहत मिलेगी। बैठक में वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे।

### एसओपी का इंतजार कर रहे कर्मचारियों को बड़ी राहत

मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा संविदा कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) नियम, 2025 को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने हरियाणा संविदा कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2024 (2024 का 17) की धारा 2 के खंड (ग) के अंतर्गत दंड प्राधिकारी और अपील प्राधिकारी नामित करने हेतु मसौदा अधिसूचना को भी मंजूरी दी। ग्रुप 'बी' के पदों के लिए, हरियाणा सिविल सेवा (दंड एवं अपील) नियम, 2016 के तहत परिभाषित छोटे और बड़े दोनों प्रकार के दंडों से संबंधित मामलों में, गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशन का हैड दंड लगाने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा, जबकि प्रशासनिक सचिव अपीलीय प्राधिकारी होंगे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग ग्रुप बी सेवा नियमों में संशोधन को मंत्रिमंडल की मंज़ूरी

चंडीगढ़। हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रुप बी सेवा नियम, 1997 में प्रमुख संशोधनों को मंजूरी दी गई, ताकि इन्हें वर्तमान प्रशासनिक और भर्ती आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सके। इन संशोधनों में पदों के नामकरण, वेतनमान, शैक्षणिक योग्यता में परिवर्तन तथा विभागीय सेवा नियमों में नवसृजित पदों को शामिल करना सम्मिलित है। पूर्व सरकारी अधिसूचनाओं के अनुसार, बाल विकास परियोजना अधिकारी (महिला) और कार्यक्रम अधिकारी (महिला) के पदों का आधिकारिक नाम बदलकर क्रमशः महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी (महिला) और जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला) किया गया है। इसे दर्शाने हेतु विभागीय नियमों में आवश्यक संशोधन किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, विभागीय सेवा नियम, 1997 के नियम 14 को हरियाणा सिविल सेवा (दंड एवं अपील) नियम, 1987 के स्थान पर संशोधित 2016 नियमों से प्रतिस्थापित किया गया है। चरखी दादरी जिले के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं अधीक्षक, तथा पपलोहा (पिंजौर) स्थित पंजीरी प्लांट के प्रबंधक सहित नवसृजित पदों को भी सेवा नियमों में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, मौजूदा नियमों में वेतनमानों को सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप अद्यतन किया गया है।

## केंद्रीय रक्षामंत्री करेंगे अंबाला छावनी एयरपोर्ट का उद्घाटन : अनिल विज

चंडीगढ़। ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है और उद्घाटन की तिथि निर्धारित होते ही एयरपोर्ट का उदघाटन कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंबाला से अयोध्या, अंबाला से लखनऊ, अंबाला से जम्मू और अंबाला से श्रीनगर के लिए उडानें प्रारंभिक स्तर पर शुरू होंगी। विज यहां चंडीगढ़ में मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। विज ने कहा कि अंबाला छावनी का एयरपोर्ट केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ के सहयोग से बना है क्योंकि इस एयरपोर्ट के निर्माण के लिए सेना की जमीन की आवश्यकता थी और यह जमीन केन्द्रीय रक्षा मंत्री ने ही दिलाई है। इसलिए मैंने केन्द्रीय रक्षा मंत्री से अनुरोध किया था कि अंबाला का एयरपोर्ट आपकी बदौलत से बना है अतः आप ही इस एयरपोर्ट का उदघाटन करेंगे। अनिल विज ने कहा कि 15 अगस्त के बाद मैं सभी जिलों में जाकर नए पुराने पार्टी के वफादार सिपाहियों, पदाधिकारियों से मिलेंगे।



## पांच जिलों में मॉकड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न

चंडीगढ़। हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सहयोग से पांच प्रमुख जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी, पलवल और नूंह में अभ्यास सुरक्षा चक्र नामक बड़े पैमाने पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। भूकंप और रासायनिक खतरों जैसी प्राकृतिक और औद्योगिक आपदाओं के दौरान प्रतिक्रिया तंत्र का परीक्षण करने के उद्देश्य से पूर्ण पैमाने पर अभ्यास 21 रणनीतिक स्थानों पर सफलतापूर्वक किया गया। इनमें शैक्षणिक संस्थान, सरकारी भवन, अस्पताल और वाणिज्यिक स्थान जैसे जीएसएसएस एमपी झारसा, स्टार मॉल, बी.के. अस्पताल, मिनी सचिवालय फरीदाबाद, आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल और पुष्पांजलि अस्पताल आदि शामिल थे।

## जिलों व ब्लॉकों में तेज व समावेशी विकास सुनिश्चित किया जाएगा : मुख्यमंत्री

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन देश के हर जिले और ब्लॉक में तेज व समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। जो एक विशेष मिशन और जन आंदोलन है। यह मिशन हर नागरिक को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी जिला या ब्लॉक विकास के क्षेत्र में पिछे न रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा निवास चण्डीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कही। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वर्ष 2018 में आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय सेवाएं और मूलभूत ढांचा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना हैं। इस मौके पर अधिकारी भी मौजूद रहे।

## ओपीएस कर्मियों की लाइफ लाइन : लांबा

चंडीगढ़। कर्मचारी संगठनों ने यूपीएस को सिरे से नकारते हुए पीएफआरडीए एक्ट रद्द कर पुरानी पेंशन की मांग की है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि कर्मियों को ओपीएस के अलावा एनपीएस सहित अन्य कोई भी पेंशन स्कीम स्वीकार्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने कर्मचारियों को पहली अप्रैल, 2025 से यूपीएस चुनने का विकल्प दिया है और इसी तर्ज पर हरियाणा सरकार ने भी पहली अगस्त,2025 से यूपीएस को राज्य में लागू करने का फैसला किया है। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने बताया कि ओपीएस कर्मचारियों की लाइफलाइन है और इससे हासिल करने के लिए व्यापक एकता के साथ राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

## इनसो के स्थापना दिवस पर होंगे कार्यक्रम

चंडीगढ़। पांच अगस्त को इनसो के 23वें स्थापना दिवस पर प्रदेशभर में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर जननायक जनता पार्टी और इनसो तैयारियों में जुट गई है। सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में जेजेपी राष्ट्रीय डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे और युवाओं को सामाजिक योगदान के लिए प्रेरणा देंगे। इनसो के 'सामाजिक सरोकार दिवस' को लेकर जेजेपी द्वारा जारी कार्यक्रमों के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इनसो संस्थापक डॉ अजय सिंह चौटाला सिरसा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचेंगे।

## गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होगा आयोजन



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हिंद दी चादर सिख गुरु तेग बहादुर का हरियाणा की धरती पर 26 ऐतिहासिक गुरुद्वारों में उनके चरण पड़े हैं। 25 नवंबर को उनके 350वें शहीदी दिवस को हरियाणा सरकार कुरुक्षेत्र में भव्य तरीके से मनाएगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार यहां गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।बैठक में जानकारी दी गई कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राज्य स्तरीय कार्य समिति तथा राज्य स्तरीय एक्जीक्यूटिव कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की बैठक आगामी 6 अगस्त को बुलाई गई है, जिसमें हरियाणा सरकार की ओर से दिए जाने वाले सहयोग के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कम से कम 5 ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन हो जो गुरु तेग बहादुर से जुड़े हों। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।



# कुर्सी पर बैठा था नपा प्रधान का पति पार्षदों ने किया हंगामा, हो गई हाथापाई

## रतिया : पार्षद ने कहा- प्रधान की कुर्सी पर कैसे बैठे हो | प्रतिनिधि बोले- आ गया बदमाशी करने, बाहर मिलो | एनओसी के मुद्दे पर दोनों में अचानक विवाद बढ़ गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रतिया नगरपालिका में प्रधान प्रीति खन्ना की कुर्सी पर शुक्रवार को उसके पति महेश खन्ना के बैठने पर पार्षदों ने कड़ा ऐतराज जताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। प्रधान पति और एक पार्षद के बीच मामला हाथापाई तक पहुंच गया लेकिन कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग कर दिया। बाद में 6 पार्षदों ने इस बारे सचिव को लिखित शिकायत देकर प्रधान पति के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगरपालिका कार्यालय में कमरा नंबर 8 में दो कुर्सियां लगी हुई है। इन कुर्सियों पर सामान्य दिनों में चेयरपर्सन प्रतिनिधि और वाइस चेयरमैन बैठ जाते हैं। इसी कमरे में रोजाना पार्षद और पार्षद प्रतिनिधि भी बैठते हैं। एनओसी के मामले में भ्रष्टाचार और बिल पास नहीं होने को लेकर बातचीत चल रही थी।



रतिया। नगरपालिका प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ शिकायत करते पार्षद।

### विकास कार्यों में रोड़ा अटकाने का आरोप

> कुछ पार्षद उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए थे जोकि गिर गया था। यह सारा विवाद इसी बौखलाहट का परिणाम है। नगरपालिका कुछ पार्षद कांग्रेसी है। एक पार्षद तो लोगों से पैसे लेकर एनओसी करवा रहा है। इसको लेकर उसने पार्षद को रोका था। इस पर वह पार्षद तो बोला नहीं लेकिन दूसर पार्षद उनके साथ बहस करने लगा। यह पार्षद जनहितैषी न होकर विकास कार्यों में रोड़ा अटकाना चाहता है।

आरोप है कि प्रधान प्रतिनिधि ने एक पार्षद के बेटे का नाम ले लिया। इसी बात पर बहस बढ़ गई। उस पार्षद की जगह दूसरे पार्षद गुरप्रीत गोपी ने प्रधान के समक्ष पार्षद के बेटे का नाम लेने पर गुस्सा जाहिर किया।

### पार्षदों ने लगाए गंभीर आरोप

शिकायत में वार्ड 3 के पार्षद अजमेर सिंह, वार्ड 14 के पार्षद गुरप्रीत गोगी ने बताया कि रतिया नपा की प्रधान प्रीति रानी का पति महेश खन्ना उर्फ कालू नगरपालिका में प्रधान की कुर्सी पर बैठकर धमकियां देता है। उन पर नाजायज दबाव बनाता है और उनके साथ अक्सर गाली-गलौच करते हुए जातिसूचक कटाक्ष भी करता है। यह सब वह प्रधान की कुर्सी पर बैठकर करता है। पार्षदों ने कहा कि शुक्रवार को दोपहर करीब सवा 12 बजे कमरो नं. 8 में प्रधान प्रीति रानी की कुर्सी पर उसका पति महेश खन्ना बैठा था। इस कमरे में पार्षद अजमेर व गुरप्रीत गोगी भी बैठे थे, क्योंकि यह कमरा प्रधान, उपप्रधान व पार्षदों के बैठने के लिए है। इस पर महेश खन्ना ने अजमेर सिंह को धमकी दी कि तुम गुरप बनाकर उनकी इंकवायरी करवा रहे हो। तुम सब चोर हो। इसके बाद न केवल उसने हाथापाई शुरू कर दी बल्कि जान से मारने और देख लेने की भी धमकी दी।

---

ठेकेदार की पेमेंट जारी करने के एवज में मांगे रुपये, व्हाट्सएप पर ही बात करता था आरोपी

# 3.90 लाख की रिश्वत लेते नहरी विभाग का जेई काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶|. कैथल

एंटी करप्शन ब्यूरो कैथल की टीम ने नहरी विभाग के जेई सौरभ राणा को पिहोवा के लूखी गांव से तीन लाख 90 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ काबू किया है। काबू जेई की पहचान लूखी के ही रहने वाले सौरभ राणा के रूप में हुई है, जो ठेकेदार मनदीप मोर से उनके कार्य की पेमेंट रिलीज जारी करने की एवज में 10 लाख की मांग कर रहा था, जिसमें से तीन लाख रुपये पहले ही ले चुका था और बची पेमेंट के लिए सिक्योरिटी चेक भी अपने पास रख रखे थे। ठेकेदार मनदीप ने सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र जंगी चीका, जो पहले भी एसीबी की टीम को 20 से ज्यादा रिश्वतखोरों को पकड़वा चुका है, से संपर्क कर आपबीती बताई। मनदीप ने जंगी को बताया कि जेई सौरभ राणा सिर्फ व्हाट्सएप पर ही बात करता था, इसके बात जंगी ने अपने सामने जेई को रुपये देने के लिए फोन करने को कहा और सारी बात सबूत के तौर पर दूसरे मोबाइल रिकॉर्ड करके रिश्वत देने के लिए शुक्रवार का दिन निर्धारित किया। जेई राणा ने रुपये लेने के लिए ठेकेदार को अपने गांव बुलाया, जैसे ही जेई ने रिश्वत की राशि ली एसीबी विभाग के कर्मचारियों ने उसको रंगे हाथ दबोच लिया। ठेकेदार मनदीप सिंह ने बताया कि सौरभ राणा उच्च अधिकारियों के नाम पर यह सब खेल कर रहा था, लेकिन वह कुछ अधिकारियों से इस बात को लेकर पहले भी मिल चुका था। उच्च अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उन्होंने किसी भी जेई को रिश्वत लेने के लिए नहीं कहा और न ही उनके नाम पर किसी भी ठेकेदार एक रुपये की रिश्वत देने की जरूरत नहीं है।



कैथल। एंटी करप्शन ब्यूरो की गिरफ्त में नहरी विभाग के जेई सौरभ राणा।

### 10,000 लेता पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार




**हिसार।** राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने हिसार हलका पटवारी मंगतराम को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया है। टीम ने उसे सिटी थाना के पास स्थित पटवार भवन से काबू किया। इस संबंध में शिकायतकर्ता ने ब्यूरो को दी शिकायत में कहा था कि दो माह पहले उसके पिता द्वारा 7 कनाल जमीन उसके बच्चों के नाम व 7 कनाल जमीन उसके भाई के बच्चों के नाम करवाई गई थी। जमीन का इंतकाल राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के लिए पटवारी मंगतराम से मिला तो उसने 12 हजार रुपये रिश्वत मांगी। इसके बाद शिकायतकर्ता व उसकी पत्नी दो दिन पहले फिर मंगतराम से मिले तो उसने 10 हजार रुपये में इंतकाल दर्ज करने की बात कही। शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को दी। जैसे ही शिकायतकर्ता ने शुक्रवार को पटवारी मंगतराम को यह रिश्वत दी तो उसे रंगे हाथों काबू कर लिया गया।

### बिजली निगम के क्लर्क को रिश्वत लेते रंगे हाथों किया काबू

**कैथल।** एंटी करप्शन ब्यूरो जींद की टीम ने बिजली बिल ठीक कराने के लिए 22,000 की रिश्वत मांगने के आरोप में बिजली निगम कलायत में डी सी रेट पर लगे लिपिक गुलाब सिंह को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कैशियर हैप्पी को भी पूछताछ के लिए साथ लेकर गए।

■ कैशियर को भी पूछताछ के लिए ले गए साथ

गांव बालू निवासी सुनील कुमार ने एंटी क्रप्शन ब्यूरो को शिकायत दी थी कि उनके चाचा का बिजली बिल बहुत ज्यादा होने के कारण मीटर काट दिया गया था। सरकार की स्कीम के तहत बिजली बिल ठीक करवाने के लिए एलडीसी गुलाब सिंह ने उनसे 22,000 की रिश्वत मांगी। शिकायत के अनुसार, पहली किस्त के तौर पर सुनील ने गुलाब सिंह को 8,500 दिए थे। गुलाब सिंह ने इनमें से 3,600 का तो बिल जमा कर रसीद काट दी, लेकिन बाकी के 4,900 अपनी जेब में रख लिए। इसके बाद, गुलाब सिंह ने बकाया 17,000 की राशि 1 अगस्त को लाने के लिए बोला था। टीम ने शिकायत पर कार्रवाई कर काबू कर लिया।

---



नारनौल। डिपोर्ट किए गए बांग्लादेशी। फोटो :हरिभूमि

## पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 14 बांग्लादेशी नागरिकों को किया डिपोर्ट

**नारनौल।** पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ अपनी मुहिम को जारी रखते हुए 14 बांग्लादेशी नागरिकों को बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया है। ये सभी नागरिक पिछले कुछ महीनों से अवैध तरीके से जिले में रह रहे थे। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने बताया कि महेन्द्रगढ़ पुलिस अवैध रूप से डेरा जमाने वाले बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में गुप्त सूचना के आधार पर अप्रैल महीने में पुलिस ने आकोदा क्षेत्र में स्थित पूजा ब्रिक्स कंपनी भट्टा से इन 14 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा था। गिरफ्तारी के बाद इन व्यक्तियों से भारत में रहने के लिए वैध दस्तावेज़ जैसे कि पासपोर्ट, वीज़ा या कोई भी पहचान पत्र मांगा गया, लेकिन वे कोई भी दस्तावेज़ पेश नहीं कर पाए।

### चारा काट रही महिला की करंट से मौत

**गुरुग्राम।** भोंडसी एरिया के गांव सहजावास में चारा काटने के दौरान करंट लगने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।

सहजावास निवासी बिरेंद्र ने बताया कि संगीता पत्नी नेत्रपाल वीरवार की शाम को मशीन से हरा चारा काट रही थी। इसी दौरान उसे बिजली का करंट लगा तो चारा काटने वाली मोटर के ऊपर जा गिरी। महिला को गंभीर हालत में प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। संगीता नया गांव की बेटी थी और सहजावास गांव में 13 साल पहले शादी हुई थी। महिला की मौत के बाद सहजावास गांव में मातम पसरा हुआ है।

### ट्रक ने कंपनी कर्मी को कुचला, मौत

**गुरुग्राम।** बिलासपुर थाना एरिया में तेज रफ्तार ट्रक ने अपने भांजे के साथ खाना खाकर लौट रहे एक कंपनी कर्मी को कुचल दिया। हादसे में कंपनी कर्मी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को अंजाम देकर चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यूपी के मथुरा निवासी उदय सिंह ने बताया कि उसका मामा रतन सिंह सिधरावली गांव में किराए पर रहकर अमेजन कंपनी में काम करता था। वीरवार को उदय सिंह व उसका एक दोस्त भी अपने मामा रतन सिंह के किराये पर मकान पर पहुंचे।

## कैथल में अज्ञात महिला ने नवजात को झाड़ियों में फेंका

पुलिस ने बताया, कुत्तों ने बच्चे को नोच डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में मां ने एक दिन पहले ही जन्मे बच्चे को जिला नागरिक अस्पताल में बने धोबी घाट के पास झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस को सूचना मिलने के बाद सामने आई। इसके बाद सिविल लाइन थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। पुलिस की अब तक जांच में सामने आया कि इस नवजात को कुत्तों ने नोचा है। वहीं, यह जानकारी नहीं मिल पाई है यह नवजात लड़का है या लड़की। यह पूरी जानकारी शनिवार को पोस्टमार्टम होने के बाद ही सामने आ पाएगी। इस संबंध में सिविल लाइन



थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि नवजात शिशु के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। इसके बाद मौके पर पुलिस टीम को भेज दिया गया था। इस मामले में अभी जांच शुरू कर दी है। नवजात शिशु कितने दिन का है। इसकी जानकारी पोस्टमार्टम होने के बाद डॉक्टरों की ओर से ही दी जाएगी। फिलहाल शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया है।

## बिना परमिट बस पर 33.5 हजार जुर्माना लगाकर किया इम्पाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग तथा आरटीए विभाग की संयुक्त टीम ने नरवाना से गांव सुरबुरा रोड पर बिना परमिट की बस को काबू किया है। बस का रोड टैक्स भी नही भरा गया था। परिचालक के पास लाइसेंस भी नही था। आरटीए विभाग ने 33 हजार 500 रुपये का जुर्माना कर बस को इम्पाउंड किया है। आगामी कार्रवाई आरटीए विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि नरवाना मे कुछ बस बिना परमिट के रूटों पर चल रही है। जिससे सरकार को राजस्व का




नुकसान हो रहा है। सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर विजेंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में आरटीए विभाग के एडीटीओ गुरमीत तथा सन्नी भी शामिल किया गया। टीम ने जांच के दौरान सवारियों को लेकर जा रही परिवहन समिति बस का रुकवाया।



